अमृत विचार

मुरादाबाद , सोमवार,30 मार्च 2026



## विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**सौंधन। अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के खरसपा गांव में अपने मायके में रह रही महिला ने कीटनाशक खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजन गमगीन हो गए।

कैला देवी थाना क्षेत्र के खरसपा निवासी रामवीर की बेटी नीतू (30) की शादी करीब 10 वर्ष पूर्व धनारी थाना क्षेत्र के किरतपुर गांव निवासी श्रीनिवास के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। आए दिन की कहासुनी और विवाद से परेशान होकर नीतू करीब दो माह पूर्व अपने मायके खरसपा आकर रहने लगी। 21 मार्च को नीतू की अपने पति से फोन पर कहासुनी हो गई थी। इसी से आहत होकर उसने घर में रखा कीटनाशक पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए सम्भल ले गए। जहां से हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। कई दिनों तक इलाज चलने के बावजूद उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। शनिवार को परिजन उसे घर ले आए। जहां उसकी मौत हो गई।

# सिलेंडर न मिलने से होटल-ढाबे हो रहे बंद, लकड़ी-डीजल के चूल्हे का सहारा

## गैस का संकट बरकरार: कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति न होने से कारोबारी परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



दुकान में मिट्टी के चूल्हे पर बन रहा खाना। ● अमृत विचार

- पूर्ति विभाग की टीम ने घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग रोकने के लिए चलाया अभियान

**अमृत विचार :** अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच चल रहे युद्ध के चलते घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का दुरुपयोग रोकने के लिए पूर्ति विभाग की टीमों ने शहर से देहात तक अभियान चलाया। रेस्टोरेंट, ढाबा व मिष्ठान व अल्पाहार के दुकानों की चेकिंग में कई रेस्टोरेंट्स में व्यवसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति न मिलने से काम ठप मिला तो कई जगह मिट्टी, लकड़ी और डीजल चूल्हा जलता मिला। टीमों ने चेतावनी दी कि घरेलू गैस सिलेंडर का कतई व्यवसायिक इस्तेमाल न करें, अन्यथा कार्रवाई होगी।

क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आनन्द प्रभु सिंह और पूर्ति निरीक्षक महानगर सत्यजीत सिंह की संयुक्त टीम शिव स्वीट्स गंज गुरहट्टी पर पहुंची। यहां दो खाली व्यवसायिक सिलेंडर मिला। दुकान के संचालक मनोज कुमार ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में दूध से दही बनाने का कार्य व्यवसायिक सिलेंडर से किया जाता है। इसकी अनुपलब्धता के चलते काम ठप है। यहीं के गणेश स्वीट्स पर एक व्यवसायिक सिलेंडर का उपयोग हो रहा था। गौरव स्वीट्स पर व्यवसायिक गैस सिलेंडर खाली पड़ा था जिसके चलते दुकानदार महेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि काम ठप पड़ा है। ताड़ीखाना स्थित न्यू भारत स्वीट्स पर तीन व्यवसायिक सिलेंडर खाली पड़ा था, दुकानदार सुनील कुमार ने बताया कि समोसे जलेबी व मिठाई इन दिनों गैस सिलेंडर न मिलने से डीजल की भट्टी पर बनाया जा रहा है, मौके पर भट्टी जलती मिली। रेलवे स्टेशन के सामने हाजी होटल पर भी गैस सिलेंडर न होने के चलते डीजल की भट्टी पर कार्य हो रहा था। दुकानदारों ने बताया कि इससे कारीगरों को परेशानी हो रही है। रेलवे स्टेशन के सामने संचालित अग्रवाल भोजनालय पर एक खाली व्यवसायिक गैस सिलेंडर पाया गया। दुकानदार ऋतिक अग्रवाल ने बताया कि कामर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति न मिलने से लकड़ी की भट्ठी पर खाना बना रहे हैं। सेठी भोजनालय पर पर भी व्यवसायिक सिलेंडर खाली मिला, जिसके चलते लकड़ी की भट्ठी पर खाना बनाया जाता मिला। यहीं पर वीआईपी रेस्टोरेन्ट में पांच किलोग्राम का छोटा व्यवसायिक सिलेंडर उपयोग होता मिला। रेलवे स्टेशन के सामने ही माहेश्वरी ढाबा पर व्यवसायिक सिलेंडर की आपूर्ति न मिलने के चलते वैकल्पिक व्यवस्था कर लकड़ी के चूल्हे पर खाना बन रहा था। जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक कार्यों में दुरुपयोग रोकने के लिए सख्ती की जा रही है।

## शादी समारोह में ससुराल आए युवक की मौत, हत्या का आरोप

**बिजनौर, अमृत विचार :** नजीबाबाद क्षेत्र में ससुराल में शादी समारोह में आए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है।

मुजफ्फरनगर के थाना तितावी क्षेत्र के ग्राम जसौई निवासी 25 वर्षीय तालिब पुत्र अब्दुल रहीम की शादी इसी वर्ष जनवरी में नजीबाबाद क्षेत्र के ताहरपुर निवासी एक युवती से हुई थी। बताया जा रहा है कि तालिब अपनी साली की शादी में शामिल होने के लिए तीन दिन पहले ससुराल आया था। 27 मार्च की रात परिजनों को तालिब की मौत की सूचना मिली। मृतक के पिता का कहना है कि उन्होंने बेटे से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। बाद में उन्हें जानकारी मिली कि तालिब को अस्पताल ले जाया गया है, जहां वह मृत पाया गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि यह प्रेम विवाह था, जिससे ससुराल पक्ष खुश नहीं था। आशंका जताई कि इसी कारण उनके बेटे के साथ साजिश की गई।

# रेलवेकर्मी के घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी



रेलवे क्वार्टर में चोरी की सूचना पर पहुंच कर जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- चोरों ने 12 तोले सोना व तीन लाख की नकदी पर किया हाथ साफ

**अमृत विचार :** शहर की सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित रेलवे कॉलोनी में बेखौफ चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरों ने रेलवे अधिकारी के बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

घटना के समय पूरा परिवार हरिद्वार गया हुआ था। जानकारी के अनुसार, रेलवे में ओएस पद पर तैनात एके पाल अपने परिवार के साथ हरिद्वार के लक्सर में एक रिश्तेदार के यहां सत्यनारायण कथा में शामिल होने गए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने मकान को निशाना बना लिया। मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसे चोरों ने अलमारी और अन्य सामान को खंगाल डाला।घटना का खुलासा तब हुआ जब परिवार वापस लौटा और घर के अंदर का सामान बिखरा हुआ देखा। पीड़ित के पुत्र यश कुमार पाल, जो नोएडा में एमसीए की पढ़ाई कर रहे हैं। यश ने बताया कि चोर करीब 10 से 12 तोले सोने के आभूषण, भारी मात्रा में चांदी और लगभग तीन लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। सदर कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# आज से 15 जून तक मंडल में 331 केंद्रों पर होगी गेहूं खरीद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- खाद्य विभाग की वेबसाइट पर पंजीकृत किसानों की खरीद होगी
- सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2565 प्रति क्विंटल है निर्धारित

**अमृत विचार :** गेहूं खरीद सत्र की शुरुआत सोमवार से मुरादाबाद संभाग के सभी पांचों जिलों में होगी। इसके लिए 331 केंद्रों का निर्धारण किया गया है, जिसमें सर्वाधिक 114 केंद्र रामपुर में और सबसे कम 36 केंद्र अमरोहा जिले में बनाए गए हैं। इन पर 30 मार्च से 15 जून तक शासन द्वारा निर्धारित गेहूं के समर्थन मूल्य 2565/- प्रति क्विंटल की दर से पहले आओ पहले पाओ के नियम पर खरीद की जाएगी।

शासन ने पिछले साल की तुलना में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 100 प्रति क्विंटल बढ़ाकर 2565 रुपये कर दिया है। इससे किसानों को उनकी गेहूं की उपज का उचित मूल्य मिलेगा। क्रय केंद्र सुबह 9.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक खुले रहेंगे। सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए किसानों को खाद्य विभाग की वेबसाइट fcs.up.gov.in पर रवी विपणन वर्ष 2028-76 की फसलों के लिए एक ही ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पंजीकरण क्यूआर कोड के माध्यम से किसान मित्र एप डाउनलोड कर स्वयं या जनसूचना केन्द्र / साइबर कैफे व क्रय केंद्रों पर केन्द्र प्रभारी के माध्यम से कराया जा सकता है। किसानों के द्वारा बेचे गए गेहूं का भुगतान सीधे उनके आधार लिंक बैंक खाते में हस्तांतरित किया जाएगा। संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि गेहूं बिक्री के समय क्रय केन्द्रों पर किसान के स्वयं मौजूद न होने पर पंजीकरण प्रपत्र में परिवार के नामित सदस्य (माता/पिता, पति/पत्नी पुत्र/पुत्री, दामाद/पुत्रवधू, सगा भाई / सगी बहन में से) का विवरण और मोबाइल नंबर फीड कराना जरूरी है। गेहूं खरीद के लिए मुरादाबाद संभाग में रामपुर में 114, मुरादाबाद में 69, संभल में 62, अमरोहा में सबसे कम 36, बिजनौर में 50 केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

### बटाईदारों से भी होगी खरीद

संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि सरकारी केंद्रों पर बटाइदारों से भी गेहूं की खरीद होगी। बशर्ते ऐसे पंजीकृत मूल किसान और बटाईदार के मध्य लिखित सहमति हो।

# चुनौतियों के बीच नई राह तलाश रहा मुरादाबाद का निर्यात उद्योग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कंटेनर डिपो। ● अमृत विचार

- महंगे कच्चे माल और बढ़े कंटेनर भाड़े के बीच बाजार विविधीकरण व वैकल्पिक मेटेरियल पर जोर

**अमृत विचार :** पीतल नगरी का निर्यात उद्योग इन दिनों महंगे कच्चे माल, कंटेनर भाड़े में भारी बढ़ोतरी और रुपये की कमजोरी जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे हालात में निर्यातक अब नई रणनीतियों के जरिए कारोबार को संभालने की कोशिश कर रहे हैं। उद्योग से जुड़े लोग पारंपरिक बाजारों पर निर्भरता कम कर नए बाजार तलाशने और उत्पादन में वैकल्पिक मटेरियल का इस्तेमाल बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं।

निर्यातकों का कहना है कि लंबे समय से अमेरिका और यूरोप मुरादाबाद के हस्तशिल्प उत्पादों के प्रमुख बाजार रहे हैं, मौजूदा परिस्थितियों में इन पर अत्यधिक निर्भरता जोखिम भरी हो रही है। इसलिए अब निर्यातक मध्य-पूर्व के देशों और घरेलू बाजार में भी संभावनाएं तलाश रहे हैं। इससे नए ऑर्डर मिलने की उम्मीद के साथ उद्योग को स्थिरता भी मिल सकती है।

द हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टस एसोसिएशन के सचिव सत्यपाल का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार खासतौर पर गल्फ देशों में लगातार बढ़ती लागत के कारण पारंपरिक पीतल उत्पादों में मुनाफा कम होता जा रहा है। ऐसे में कई इकाइयां अब लकड़ी, जिंक व धातु मिश्रित उत्पादों के निर्माण कर रही हैं। इससे लागत कम रखने के साथ नए डिजाइन तैयार करने में मदद मिल सकती है। वहीं आइआइए के हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट कमेटी के चैयरमेन सुरेश गुप्ता का कहना है कि अब निर्यातकों को नए बाजारों पर अधिक ध्यान देना होगा। उन्होंने बताया कि दुबई, सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के साथ-साथ भारत के बड़े शहरों में भी हस्तशिल्प उत्पादों की मांग बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यदि घरेलू बाजार मजबूत होता है तो निर्यात उद्योग को मौजूदा चुनौतियों से उबरने में मदद मिलेगी। बदलते हालात में उद्योग को टिकाए रखने के लिए उत्पादन और बाजार दोनों स्तरों पर बदलाव जरूरी है। नई रणनीतियों के सहारे मुरादाबाद का निर्यात उद्योग इस मुश्किल दौर से निकलने की कोशिश में जुटा हुआ है।

### हालात ऐसे ही रहे तो 20 प्रतिशत फैक्ट्रियां बंद होने की कगार पर

लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गुप्ता का कहना है कि निर्यात उद्योग लगातार बढ़ती लागत और वैश्विक परिस्थितियों के दबाव में काम कर रहा है। कच्चे माल की कीमतों में तेजी, कंटेनर भाड़े में बढ़ोतरी और ऑर्डर में अनिश्चितता के कारण कई छोटी इकाइयों की स्थिति पहले ही कमजोर हो चुकी है। उनका कहना है कि यदि अगले एक साल तक यही हालात बने रहे तो मुरादाबाद में करीब 20 प्रतिशत तक फैक्ट्रियां बंद होने की कगार पर पहुंच सकती हैं। उन्होंने कहा कि उद्योग को बचाने के लिए सरकार की ओर से राहत और निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं की जरूरत है, ताकि छोटे निर्यातक भी इस मुश्किल दौर से निकल सकें।

### वैकल्पिक मटेरियल से घटेगी लागत

लागत कम करने के लिए कई इकाइयां अब पारंपरिक पीतल के साथ आयरन, गैल्वेनाइज्ड स्टील और लकड़ी-धातु के संयोजन से उत्पाद तैयार कर रही हैं। इससे कच्चे माल पर होने वाला खर्च कम होने के साथ उत्पादों की नई डिजाइन और वैरायटी भी बाजार में लाई जा रही है।

### घरेलू बाजार में बढ़ रही दिलचस्पी

मुरादाबाद के कई निर्यातक अब देश के बड़े शहरों जैसे दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद के रिटेल बाजार पर भी ध्यान दे रहे हैं। होटल, रेस्टोरेंट और इंटीरियर डेकोरेशन सेक्टर में मेटल डेकोरेटिव आइटम की मांग बढ़ने से निर्यातकों को घरेलू बाजार में नए अवसर दिखाई दे रहे हैं।

# बहन के घर गए भाई की रामगंगा में डूबकर मौत

संवाददाता, ढकिया



मृतक अर्जुन।



घटना स्थल पर मौजूद एनडीआरएफ की टीम। ● अमृत विचार



ढकिया गांव में रोते बिलखते परिजन।

**अमृत विचार :** कस्बा ढकिया निवासी एक सोलह वर्षीय बालक बरेली जिले के मीरगंज क्षेत्र में बहन के घर गया था। शुक्रवार को रामगंगा में नहाते समय वह डूब गया। चौबीस घंटे बाद एनडीआरएफ और गोताखोरों की टीम ने 11 घंटे बाद शव बरामद कर लिया।

ढकिया निवासी ओमवीर का 16 साल का बेटा अर्जुन 27 मार्च को बरेली थाना मीरगंज के मनकरा गांव में बहन संगीता के घर गया था। लोगों ने बताया कि शनिवार को वह मनकरा गांव के लोगों के साथ बरेली जनपद के ही सिरौली थाना क्षेत्र के शिवपुरी में कैलाश गिरि घाट पर भंडारा खाने गया था। इससे पूर्व अर्जुन अपने साथी अनमोल और कपिल के साथ रामगंगा में नहाने गया। नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। इस दौरान घाट के पास मौजूद लोग तीनों को निकालने नदी में कूद पड़े। लेकिन मनकरा निवासी अनमोल और कपिल को तो बाहर निकाल लिया। ढकिया निवासी ओमवीर का बेटा अर्जुन पानी में लापता हो गया। तीन किशोरों के रामगंगा में डूबने की सूचना मिलते ही सिरौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों को बुलाकर अर्जुन के लिए तलाशी अभियान शुरू कराया। लेकिन शनिवार देर रात तक कोई सफलता नहीं मिल सकी। बताया जाता है कि अर्जुन की मां सुषमा बेटे को डेढ़ माह का छोड़कर ही मां दुनिया से चली गई थी। ओमवीर की दो संतानों में बड़ी बेटी संगीता और छोटा सोलह वर्षीय बेटा अर्जुन था।

### रविवार देर शाम मिला शव

स्थानीय गोताखोरों और सिरौली पुलिस की शनिवार शाम तक की गई खोजबीन में सफलता नही मिली तो रविवार को सुबह पुलिस ने मुरादाबाद से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। करीब 11 बजे से टीम ने मोटर वोट और आधुनिक उपकरणों के साथ नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया और शाम को टीम ने शव तलाश कर लिया। मौके पर तहसीलदार आंवला बृजेश कुमार वर्मा, हल्का लेखपाल प्रशांत कुमार और थाना प्रभारी सिरौली विनोद कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## दहेज में 10 लाख व गाड़ी न मिलने पर पत्नी को छोड़ा मायके

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** दहेज में 10 लाख रूपये एवं थार ना देने पर पति ने पत्नी को मायके छोड़ दिया। पत्नी की तहरीर पर पति समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया। बताया कि उसकी शादी थाना क्षेत्र के गांव लोधीपुर राजपूत के निवासी दीपक कुमार से 23 नवंबर 2025 को हुई थी। मायके के लोगों ने हैसियत के हिसाब से 15 लाख रुपए खर्च किए थे। लेकिन ससुराल वाले पति दीपक, ससुर वीरेंद्र, सास सुमन, देवर दुर्गेश और ननदें भी खुश नहीं थे। मायके से थार और 10 लाख रुपए नगदी की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पश्चिमी विक्षोभ बिगाड़ रहा मौसम कई जिलों में बारिश का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



बदला मौसम का मिजाज दोपहर में धूप में यूं निकली युवती।

- आए दिन हो रहा परिवर्तन हल्की रही धूप

**अमृत विचार :** पश्चिमी विक्षोभ मौसम की चाल बिगाड़ रहा है। सोमवार से शुरू हो रहे सप्ताह में कई दिन मुरादाबाद सहित प्रदेश के कई जिलों में छिटपुट से हल्की बारिश का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। रविवार की तुलना में सोमवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की कमी रहेगी।

पश्चिमी विक्षोभ के चलते इन दिनों मौसम आए दिन बदल रहा है। कभी तेज धूप तो अगले दिन बादल व बूंदाबांदी हो रही है। रविवार को दिन में धूप हल्की रही, हवा में नमी रही। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रविवार की रात से मुरादाबाद सहित प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी बूंदाबादी व छिटपुट बारिश हो सकती है। रविवार को तापमान जहां 32 और 20 डिग्री सेल्सियस रहा वहीं सोमवार को इसमें दो डिग्री की कमी आएगी। बादल छाए रहेंगे। हल्की बारिश होगी। मौसम के बदलते रंग का असर लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है। खासकर छोटे बच्चे इसकी चपेट में आ रहे हैं। शहर के प्रसिद्ध बालरोग विशेषज्ञ व आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रवि गंगल का कहना है कि मौसम में असमानता से तापमान में उतार-चढ़ाव होता है। जिसके असंतुलन से बच्चे प्रभावित होते हैं। इन दिनों वायरल बुखार, खांसी, सर्दी, जुकाम, छींक, दस्त से बच्चे पीड़ित हो रहे हैं। ऐसे में उन्हें ठंडी खाद्य सामग्री जैसे कोल्ड ड्रिंक्स, आइसक्रीम आदि से दूर रखें। हल्का गुनगुना पानी भी दे सकते हैं। देर रात या अलसुबह घर से बाहर जाने पर छोटे बच्चों को मोटे कपड़े पहनाकर ही ले जाएं।

# अंतर डायट खेलकूद प्रतियोगिता में रामपुर बना ओवरऑल चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



रामपुर को ओवरआल चैंपियन ट्रॉफी सौंपती पालिकाध्यक्ष सना मामून। ● अमृत विचार

- बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद और रामपुर के खिलाड़ी शामिल

**अमृत विचार:** स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में मंडल स्तरीय अंतर डायट खेलकूद प्रतियोगिता हुई। मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में ओवर आल चैंपियन डायट रामपुर रहा। प्रतियोगिता में बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद और रामपुर के डीएलएड प्रशिक्षुओं के बीच कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, टेबल-टेनिस व एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं हुईं।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि पालिकाध्यक्ष सना मामून, डायट प्राचार्य अशोक कुमार और फिजिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य जमील अहमद ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। स्टेडियम पर पुरुष वर्ग वालीबॉल में बिजनौर प्रथम और रामपुर की टीम द्वितीय रही। कबड्डी में मुरादाबाद की टीम और बिजनौर की टीम द्वितीय स्थान पर रही। 100 और 200 मीटर दौड़ में खो-खो और कबड्डी में रामपुर की टीम प्रथम रही। बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में दीक्षा प्रथम रही। टेबल टेनिस सिंगल में महिमा चौहान रामपुर प्रथम और अमरोहा की करीमा द्वितीय रहीं। टेबल टेनिस डबल में अंशु यादव, रमशा खान रामपुर प्रथम, दीक्षा और शमा अमरोहा द्वितीय रहीं। मुख्य अतिथि सना मामून एवं विशिष्ट अतिथि मामून शाह ने ट्रॉफी सौंपी। प्रमोद कुमार बिजनौर, रवि यादव, दीपक कुमार, पूनम रानी अमरोहा और अनिल कुमार मुरादाबाद समेत डॉ. अनूप कुमार सिंह, तृप्ति, राजीव सिंह प्रवक्ता डायट, सारिम मियां वरिष्ठ सहायक, प्रियंक जौहरी, आसिफ आदि उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को रौंदा, मौत

**शाहबाद, अमृत विचार:** शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव सुहावा के पास अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार ट्रेक्टर मैकेनिक की मौत हो गई। हादसे की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया।

गांव निवासी इंतजार हुसैन (45) जनपद बरेली के सिरौली क्षेत्र में ट्रैक्टर संभालने का काम करते थे। शनिवार को काम से लौटते समय गांव के पास पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

सूचना पर पहुंचे परिजन इंतजार को सीएचसी शाहबाद ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे से परिवार के लोगों का तो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल मोर्चरी पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जीवन शैली

अस्पतालों में रोज 12-14 महिलाएं पहुंच रहीं इलाज के लिए

# तनाव, जंक फूड और देर से शादी बढ़ा रहे इनफर्टिलिटी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



डॉ. स्वेच्छा बंसल।

**अमृत विचार :** बदलती जीवनशैली, बढ़ता तनाव और अनियमित खानपान से महिलाओं में इनफर्टिलिटी (बांझपन) की समस्या तेजी से बढ़ रही है। हर तीसरी महिला किसी न किसी रूप में इनफर्टिलिटी की परेशानी से प्रभावित हो रही हैं। अस्पतालों में भी रोज महिलाएं परामर्श और इलाज के लिए पहुंच रही हैं।

शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों में प्रतिदिन औसतन 12 से 14 महिलाएं इनफर्टिलिटी की समस्या को लेकर डॉक्टरों के पास पहुंच रही हैं। डॉक्टरों का कहना है कि पहले यह समस्या अपेक्षाकृत कम देखने को मिलती थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसके मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है।

नवजीवन सुपर स्पेशियलिटी सेंटर की प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वेच्छा बंसल बताती हैं कि बदलती जीवनशैली और बढ़ती उम्र में शादी इसका बड़ा कारण बन रही है। उनका कहना है आजकल कई महिलाएं करियर और अन्य कारणों से 30 वर्ष या उससे अधिक उम्र में शादी कर रही हैं। ऐसे में ओवेरिस की कार्यक्षमता कम होने लगती है, जिससे गर्भधारण में दिक्कतें बढ़ जाती हैं। इनफर्टिलिटी केवल महिलाओं से जुड़ी समस्या नहीं है। कई मामलों में पुरुषों में स्पर्म की गुणवत्ता और संख्या कम होना भी प्रमुख कारण बनता है। इसके अलावा महिलाओं में हार्मोनल असंतुलन, पीसीओडी, थायराइड, मोटापा और ओवेरिस की कमजोर सेहत भी गर्भधारण में बाधा बनती है। बताया कि देर से शादी, अनियमित दिनचर्या, जंक फूड का अधिक सेवन, पर्याप्त नींद न लेना और बढ़ता मानसिक तनाव भी प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर रहे हैं। समय रहते जांच और इलाज कराने से अधिकांश मामलों में समाधान संभव है, लेकिन कई दंपति देर से डॉक्टर के पास पहुंचते हैं, जिससे समस्या जटिल हो जाती है।

### इनफर्टिलिटी से बचाव के उपाय

- संतुलित और पौष्टिक आहार लें, जंक फूड से दूरी रखें
- नियमित व्यायाम और वजन नियंत्रित रखें
- तनाव कम करें और पर्याप्त नींद लें
- धूम्रपान और शराब जैसी आदतों से बचें
- शादी के बाद गर्भधारण में देरी हो तो समय पर डॉक्टर से परामर्श लें

## शहर में आज

- मझोला स्थित नवीन मंडी परिसर में क्रय केंद्र पर गेहूं खरीद सुबह 9 :00 बजे
- राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से गो रक्षा के लिए पीली कोठी चौराहा पर धरना-प्रदर्शन 11 :00 बजे
- गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में नारी शक्ति सम्मान समारोह गोकुल सभागार में दोपहर 1 :00 बजे

# टैक्स बकाये में 24 प्रतिष्ठान सील एक करोड़ से अधिक की वसूली

## नगर निगम टीम ने वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में बकायेदारों पर तेज की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



टैक्स के बकायेदार का प्रतिष्ठान सील करती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष के समाप्त होने के आखिरी दिनों में नगर निगम की टीमें बकाया टैक्स जमा न करने वालों पर सख्ती कर उनके प्रतिष्ठान व भवन सील कर रही हैं। रविवार को 24 प्रतिष्ठान व भवन सील कर टीमों ने एक करोड़ एक लाख, 46 हजार, 629 रुपये का गृहकर व जलकर वसूला। वहीं अब दो दिन में पूरा जोर लगाकर शासन से निर्धारित लक्ष्य हासिल करने पर जोर देना होगा।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में राजस्व अधीक्षक व राजस्व निरीक्षकों की टीमों ने बकाएदारों के प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर कार्रवाई की। दसवां घाट निवासी निजामउददीन पर 1,53,639.66 रुपये का टैक्स बकाया था जिसे जमा न करने पर प्रतिष्ठान सील कर दिया गया। फीलखाना निवासी मो. कुमार ठेकेदार पर 1,02,081.25 रुपये और दसवां घाट के अंसार हुसैन पर टैक्स का 5,28,563 रुपये और जीडी इण्टरप्राइजेज पंडित नगला के प्रतिष्ठान पर 2,14,182.54 रुपये और रहमत नगर की फूलजहां के प्रतिष्ठान पर 5,49,230 रुपये और यहीं के इफ्तेखार इमाम पर 4,41,073.90 रुपये के टैक्स बकाएदारी में प्रतिष्ठान सील कर दिए गए। वहीं सर सैय्यद नगर के फरहत इकबाल पर 1,10,674.06 रुपये और रहमत नगर के मुसरफ हुसैन पर 2,11,234.05 रुपये का टैक्स बकाया था जिसे जमा न करने पर प्रतिष्ठान सील किए गए। इसके अलावा मोहल्ला ठठेरा, पीरजादा, करूला, पंडित नगला, दिल्ली, कांठ रोड व रामपुर रोड क्षेत्र सहित अन्य जगहों को मिलाकर कुल 24 प्रतिष्ठानों व भवनों को सील कर टीमों ने एक करोड़ एक लाख, 46 हजार, 629 रुपये का गृहकर व जलकर की वसूली भी की। कार्रवाई के दौरान कर अधीक्षक प्रदीप कुमार चौधरी, मंगल सिंह पापड़ा व सभी राजस्व निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

### कम वसूली वाले कर अधीक्षक व राजस्व निरीक्षक को मिलेगी बैड एंट्री

मुरादाबाद, अमृत विचार : वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति में अब सिर्फ दो दिन रह गए हैं। ऐसे में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की चुनौती भी सामने है। कम टैक्स वसूली करने वाले कर अधीक्षक व राजस्व निरीक्षक कार्रवाई के लिए निशाने पर होंगे। क्योंकि नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने दो टूक निर्देश दिया है कि कम राजस्व वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पिछले साल नगर निगम ने प्रदेश में सर्वाधिक टैक्स वसूली कर रिकॉर्ड बनाया था। इसलिए इस साल भी कोताही नहीं चलेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम की अनुबंधित आईईसी टीम ने शहर के विभिन्न वार्डों में जनजागरूकता अभियान चलाया। इसमें नागरिकों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं मिशन शक्ति के प्रति जागरूक किया। टीमों ने घर-घर संपर्क और बाजार क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को स्वच्छता की महत्ता बताई। नागरिकों को कूड़े के वैज्ञानिक व सुरक्षित निस्तारण के तरीकों की जानकारी देकर गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। जिससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथीन के दुष्प्रभावों के प्रति भी जागरूक किया। बताया कि प्लास्टिक न केवल पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाता है, बल्कि नालियों के जाम होने का मुख्य कारण बनकर जलभराव एवं बीमारियों को भी बढ़ावा देता है। दुकानदारों और आम नागरिकों से अपील की कि वह प्लास्टिक और पॉलीथीन का उपयोग पूर्णत: बंद करें, इसके स्थान पर कपड़े या जूट के थैलों का प्रयोग अपनाएं।

### स्वच्छ पेयजल को आज ओवरहेड टैंकों की सफाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सोमवार से रोस्टर के अनुसार ओवरहेड टैंकों की सफाई कराई जाएगी। कार्य के चलते संबंधित क्षेत्र में जलापूर्ति बाधित रहेगी। इसलिए पानी भंडारण करने की अपील जलकल विभाग ने की है। नगर निगम के महाप्रबंधक (जल) ने बताया कि शेड्यूल के अनुसार गोविंदनगर गुलाबबाड़ी और पंडित नगला के ओवरहेड टैंक ( अवर जलाशय) की सफाई 30 मार्च को कराई जाएगी। इससे संबंधित क्षेत्र में कार्य के दौरान जलापूर्ति बाधित रहेगी। वहीं करूला और बुद्धि विहार प्रथम के ओवर हेड टैंक (अवर जलाशय) की सफाई 31 मार्च को कराई जाएगी।

## रुक्मणी ने 6 विकेट से मारी बाजी, स्काईलाइन बुल्स 68 रन से विजयी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नेक्स्ट जनरेशन क्रिकेट अकादमी के मैदान पर रविवार को नेक्स्ट जनरेशन जूनियर हाईट एंड वेट 99 पॉइंट क्रिकेट टूर्नामेंट में दो मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

पहले मैच में रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ने नेक्स्ट जनरेशन ब्लू को छह विकेट से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेक्स्ट जनरेशन ब्लू की टीम 17.4 ओवर में 71 रन पर सिमट गई। जवाब में रुक्मणी की टीम ने 17.2 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य चौधरी ने नाबाद 34 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई और मैन ऑफ द मैच चुने गए। दूसरे मुकाबले में स्काईलाइन बुल्स ने आरआरके क्रिकेट अकादमी को 68 रन से पराजित किया। स्काईलाइन बुल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 29.1 ओवर में 186 रन बनाए, वंश सैनी ने शानदार 101 रन की पारी खेली। जवाब में आरआरके की टीम 118 रन पर आउट हो गई। स्काईलाइन की ओर से तेजस ने तीन विकेट झटके। वंश सैनी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में अंपायरिंग मोहम्मद कैफ और सुधीर कुमार ने की, जबकि स्कोरिंग यश ने संभाली।

## खजूर की डालियां लेकर निकाला पॉम संडे जुलूस



पाम संडे पर जुलूस निकालते ईसाई समाज के लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **वचन प्रचार में कहा, यीशु मसीह फिर आने वाले हैं**

**अमृत विचार :** फिलिप्स मेमोरियल मैथोडिस्ट चर्च में पाम संडे के उपलक्ष्य में विशेष आराधना की हुई। आराधना से पूर्व संडे स्कूल के बच्चों ने हाथों में खजूर की डालियां लेकर जुलूस निकाला गया, जोकि जैन मंदिर, आंबेडकर पार्क होते हुए पीली कोठी चर्च तक पहुंचा। बच्चों ने प्रभु यीशु मसीह के येरुशलेम में विजय प्रवेश को चित्रित किया।

चर्च पहुंचकर संडे स्कूल के बच्चों द्वारा एक गीत देखो येरुशलेम में कौन आ रहा है गाया। आराधना का संचालन बृजेश मैंसल द्वारा किया गया। प्रार्थना अनिल सी लाल ने की। बाइबिल पाठ एवं प्रैज एंड वरशिप रोहित मैसी ने कराई। ब्रजेश मैंसल ने साप्ताहिक सूचना दी तो वचन प्रचार देहरादून से आए सैमुअल पी राजन द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि आज के ही दिन प्रभु यीशु ने येरुशलेम में विजय प्रवेश किया था। अभिषेक विल्सन, राजीव सिंह, जॉर्ज बेंगीमान उर्फ जौनी, नीरज एडवर्ड, अंतिम सिंह, सुरेंद्र एम लाल, रोबिन सिंह, सुरेश जॉन आदि का सहयोग रहा।

## नेक्स्ट जनरेशन और स्काईलाइन की जीत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **छठे दिन खेले गए दो मुकाबले अक्षु बाजवा और अकीब खान बने मैन ऑफ द मैच**

**अमृत विचार :** डीएसए और अवस्थी मेमोरियल कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में एमपीएस के मैदान पर आयोजित अवस्थी मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे दिन रविवार को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में रामपुर क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 131 रन बनाए।

टीम के लिए गुरु ने नाबाद 49 और गगन वर्क ने 28 रन का योगदान दिया। जवाब में नेक्स्ट जनरेशन क्रिकेट अकादमी ने 14.3 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अक्षु बाजवा (44), कासिम सैफी (नाबाद 30) और मोहम्मद कैफ (नाबाद 24) ने टीम को जीत दिलाई। अक्षु बाजवा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मुकाबले में स्काईलाइन स्पोर्ट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 274 रन बनाए। अकीब अंसारी ने 45 गेंदों पर 94 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि मिर्जा दानिश आलम (50) और रोहित कुमार (46) ने भी अहम योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए दुर्गा क्रिकेट अकादमी 133 रन पर सिमट गई। स्काईलाइन ने यह मैच 136 रन से जीत लिया। अकीब खान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। अंपायरिंग रईस अहमद और शमशाद अल्वी ने की, जबकि कमेंट्री नजाकत अली और स्कोरिंग चंद्र प्रताप ने संभाली।

## यूपी बोर्ड : अभी तक 51,400 कापियों का मूल्यांकन शेष

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की कापियों का मूल्यांकन जिले में पांच केंद्रों पर किया जा रहा है। रविवार तक कुल 89.62 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो गया। जबकि अभी भी 51,400 कापियां जांची जानी शेष है। सुरक्षा प्रबंधों के बीच महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, जीजी हिंदू इंटर कॉलेज, पारकर इंटर कॉलेज, हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज और एचएसवी इंटर कॉलेज में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन चल रहा है। इसमें सर्वाधिक 99915 कापियों की जांच कर ली गई है, सिर्फ 396 उत्तर पुस्तिकाओं की चेकिंग की जानी है। इस केंद्र पर मूल्यांकन कार्य 99.61 प्रतिशत हो चुका है। जबकि जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में 75.57 प्रतिशत, पारकर इंटर कॉलेज में 88.57, हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज में 93.81 और एचएसवी इंटर कॉलेज में 91.97 प्रतिशत मूल्यांकन हो चुका है।

## हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही सरकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान में मौजूद भाजपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** महर्षि दयानंद सरस्वती लॉ कॉलेज भदासना में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत मूंढापांडे एवं दलपतपुर मंडल के प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे व अंतिम दिन सातवें सत्र का विषय सरकार की उपलब्धियां था।

मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। देश और प्रदेश में जो परिवर्तन दिखाई दे रहा है, वह भारतीय जनता पार्टी की जनसेवा, पारदर्शिता और राष्ट्र प्रथम की सोच का परिणाम है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही हमारा संकल्प है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख नवदीप यादव, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सैनी, मंडल अध्यक्ष नीरज चंद्रा, अशोक प्रजापति, रजनीश चौहान, गौरव, वीरपाल, परशुराम, चकित, आदित्य, गुड्डू लोधी, रोहित सिंह आदि उपस्थित रहे।

### संगठन की भूमिका एवं सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला

मुरादाबाद, अमृत विचार : पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अन्तर्गत भाजपा महानगर द्वारा भोजपुर व कटघर मंडल में दो दिवसीय मण्डल प्रशिक्षण वर्ग का आखिरी दिन रहा। अध्यक्षता कटघर मंडल अध्यक्ष राजीव शर्मा व भोजपुर मंडल अध्यक्ष वीरपाल सिंह ने किया। मुख्य वक्ता महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला रहे। कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा और विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान ने संगठन की भूमिका एवं सरकार की उपलब्धियां बताईं। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मुरादाबाद मनीष कुमार सिंह, महानगर उपाध्यक्ष राहुल शर्मा, बबलू श्रीवास्तव व महानगर महामंत्री विशाल त्यागी आदि ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, महानगर उपाध्यक्ष नवदीप टंडन, महानगर महामंत्री शम्मी भटनागर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्र सम्मान में बेटियों ने किया शौर्य प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पंचायत भवन से राष्ट्र सेविका समिति द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा में शामिल छात्राएं।

- **नववर्ष के उपलक्ष्य में हिंदू राष्ट्र सेविका समिति ने निकाली शोभायात्रा**

**अमृत विचार :** हिंदू नववर्ष नवसंवत्सर के उपलक्ष्य में हिंदू राष्ट्र सेविका समिति की ओर से रविवार को शोभा यात्रा और पंचायत भवन में विचार विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विचार-विमर्श सत्र में संगठन, संस्कृति एवं समाज जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों के बारे में बताया गया।

मुख्य वक्ता सकुंज बाला, प्रांत कार्यवाहिका ने कहा कि हिंदू नववर्ष केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा एवं राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। उन्होंने मातृशक्ति को समाज की वास्तविक शक्ति बताते हुए कहा कि जब महिलाएं संगठित होती हैं, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन निश्चित रूप से आता है। आह्वान किया अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को अपनाते हुए समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंखुरी अग्रवाल ने की।

दोपहर बाद पंचायत भवन से शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ जो जैन मंदिर, गुरहट्टी, टाउनहॉल होते हुए एसएस इंटर कॉलेज पहुंचकर समापन हुआ। शोभा यात्रा में भारत माता की आकर्षक झांकी, पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित बालिकाओं और महिलाओं की सहभागिता, समिति ध्वज एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रहीं। सुसज्जित मंच, सुंदर रंगोली, सजी हुई जीप एवं आकर्षक बैनरों से संपूर्ण वातावरण भव्य एवं मनोहारी रहा। यात्रा का नेतृत्व सुसज्जित घोड़ों द्वारा किया गया, जो परंपरा और शौर्य के प्रतीक के रूप में अग्रिम पंक्ति में रहे। इनके साथ खुली गाड़ियों में सजी झांकियों एवं व्यवस्थाओं ने शोभा यात्रा दर्शनीय स्वरूप प्रदान किया। पारंपरिक परिधान में सुसज्जित बालिकाओं द्वारा धारण की गई तलवारें भारतीय शौर्य, आत्मगौरव और वीरता का सशक्त प्रतीक बनकर प्रस्तुत हुई। इन तलवारों के माध्यम से आत्मरक्षा, साहस और सांस्कृतिक शक्ति का संदेश प्रभावी रूप से समाज तक पहुँचा। तलवारों की अनुशासित, संतुलित एवं गरिमामय प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को ऊर्जावान एवं प्रेरणादायक बना दिया। बहनों द्वारा समन्वित एवं संतुलित दण्ड संचालन ने न केवल दर्शकों को आकर्षित किया, बल्कि आत्मविश्वास, संयम और सामूहिक शक्ति का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों का अनुशासन, एकरूपता एवं संगठन का दर्शनीय रहा।

## टीएमयू में पालकी यात्रा आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में 24वें तीर्थंकर महावीर का 2625वां जन्मकल्याणक महोत्सव 30 मार्च को मनाई जाएगी। विवि के जिनालय से सुबह 7:15 बजे पालकी यात्रा निकलेगी। यहां से श्रीजी पालकी पर विराजमान होंगे। धार्मिक संगीतमय धुनों में लीन श्रावक-श्राविकाएं श्रीजी के साथ परिक्रमा करते हुए रिद्धि-सिद्धि भवन पहुंचेंगे। श्वेत और केसरिया परिधान में सैंकड़ों श्रावक-श्राविकाएं भक्ति भाव में लीन रहेंगे। इससे सुबह छह बजे जिनालय में श्रीजी का अभिषेक व शांतिधारा होगी। उनके रिद्धि-सिद्धि भवन में विराजमान होने के बाद चार स्वर्ण कलशों से अभिषेक होगा, जबकि शांतिधारा स्वर्ण एवं रजत झारी से होगी। जिनालय और रिद्धि-सिद्धि भवन में महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण कुलाधिपति सुरेश जैन ने किया।

## लापरवाही पर दी कार्रवाई की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद




गन्ना भवन सभागार में बैठक लेते अपर गन्ना आयुक्त/नोडल अधिकारी।

- **गन्ना भवन में अपर गन्ना आयुक्त ने अधिकारियों व मिल प्रतिनिधियों के साथ की बैठक**

**अमृत विचार :** अपर गन्ना आयुक्त (समितियां)/नोडल अधिकारी डॉ. वीरेंद्र बहादुर सिंह ने अपने एक दिवसीय भ्रमण के दौरान चीनी मिल गजरौला-हसनपुर व असमोली क्षेत्र के कई गांवों में गन्ना बीज प्लॉट, ट्रेंच विधि व पॉलीहाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों व मिल के प्रतिनिधियों को बीज वितरण, किस्म विस्थापन व गुणवत्ता पर सख्त निर्देश दिए।

मिलक नाईपुरा में महावीर सिंह को-0118 किस्म के फेरोमोन सोलर ट्रैप व ट्रेंच प्लॉट, खजुरी में राहुल कुमार के को.लख.16202, कोशा 18231 व 19231 बीज प्लॉट का जायजा लिया। खजुरी में ही 50हजार पॉलीहाउस सिंगल बड पौध व ट्रेंच विधि प्लांट देखे। देहरी जाट में रमेश सिंह की सभा को संबोधित कर को-0238 न बोने की अपील की। संभल के अखबंदपुर में राजपाल सिंह के ट्रेंच विधि बसंतकालीन बुवाई, भावलपुर बांसली में गंगाराम सिंह के 15 हजार सिंगल बड पौध, नेकपुर में सुनील कुमार के को-0118-मूंग सहफसली प्लॉट का निरीक्षण किया। अलिया में निकसम सिंह व मनौटा में मुख्तार हुसैन के आरक्षित बीज व सहफसली खेत देखे। असमोली मिल में महिला स्वयं सहायता समूह के एक करोड़ सिंगल बड पौध की सराहना की। गन्ना भवन में अधिकारियों व मिल प्रतिनिधियों के साथ बैठक में बसंतकालीन बुवाई लक्ष्य, मिलवार बीज आरक्षण, माइक्रोप्लान,बजट व्यय, को-0238 विस्थापन व फार्म मशीनरी पर समीक्षा की। महिला समूहों को प्रति समूह पांच लाख पौध लक्ष्य व सीड ट्रैकिंग ऐप से निगरानी का दिया।

## पथ संचलन से दिया राष्ट्र एकता का संदेश



केजीके कॉलेज के पास पथ संचालन में शामिल स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से रविवार को महानगर में अलग-अलग स्थानों पर पथ संचलन व एकत्रीकरण के कार्यक्रम कराए गए। जिनमें प्रमुख रूप से केजीके नगर में क्षेत्रीय पर्यावरण संरक्षण गतिविधि संयोजक रणवीर, पीतल नगरी गुलाब बाड़ी में प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर रामवीर, गोविन्द नगर में महानगर सहसंघ चालक देवेश, अर्जुन नगर में नीरज मित्तल मुख्य वक्ता रहे।अलग-अलग स्थानों पर पद संचलन में प्रमुख रूप से विभाग संघ चालक सुरेन्द्र, महानगर संघ चालक डा. विनीत, विपिन, हंसराज सैनी, उत्कर्ष, मनु, दीपक गार्गी, संजय भटनागर, श्याम, रंजीत, विश्वजीत शिवांश, मगन,विवेक, प्रमोद जोशी, शरद जैन, निपेंद्र, राजेश, राजीव, आशुतोष, शानू, जितेंद्र, संजय, दिनेंद्र, भगवान दास, वरद, आदि सारस्वत, हरिमोहन गुप्ता आदि स्वयंसेवक रहे।

**उम्मीद** | जैसे-तैसे एक महीने हुई थी 19 सीटर विमान की सिंगल उड़ान, करीब दो साल से सेवा ठप

## जेवर के बाद मुरादाबाद एयरपोर्ट से उड़ान पर दें ध्यान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




मुरादाबाद एयरपोर्ट। ● अमृत विचार

- **10 मार्च 2024 को आजमगढ़ में प्रधानमंत्री ने किया था भदासना एयरपोर्ट का वर्चअुल उद्घाटन**

**अमृत विचार :** जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शनिवार को उद्घाटन के बाद अब मुरादाबाद एयरपोर्ट से भी फिर से विमान सेवा शुरू कराने पर ध्यान देना होगा। तभी स्थानीय नागरिकों के अलावा निर्यातकों, कारोबारियों को भी सहूलियत होगी।

मुरादाबाद-रामपुर रोड से सटे भदासना में हवाई पट्टी को विकसित कर हवाई अड्डे के रुप में विकसित किया गया। इसका उद्देश्य जिले को वायु परिवहन से देश व प्रदेश के अन्य जिलों को जोड़ना था। इस हवाई अड्डे को आरसीसी (रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम) में संचालित करने के लिए प्रदेश सरकार ने 1425 वर्गमीटर क्षेत्रफल में नवीन टर्मिनल बिल्डिंग और प्रति वर्ष 50,000 यात्रियों को विमान सेवा प्रदान करने के लिए विकसित किया था। 10 मार्च 2024 को भदासना स्थित हवाई अड्डे का उद्घाटन आजमगढ़ में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। फ्लाई बिग कंपनी की ओर से लखनऊ से मुरादाबाद की 19 सीटर विमान सेवा 10 अगस्त 2024 को शुरू की गई। जिससे मंडल के सभी पांचों जिलों के नागरिकों, कारोबारियों व पीतल कारोबार से जुड़े निर्यातकों को खुशी मिली। भविष्य में मुरादाबाद से देहरादून और हिंडन एयरपोटर् गाजियाबाद के लिए भी उड़ान सेवा विस्तारित करना प्रस्तावित था। लेकिन महीने दो महीने के बाद कंपनी ने उड़ान सेवा बंद कर दी। जिससे लोगों की खुशियों पर ग्रहण लग गया। वहीं एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का कार्य भी लटका है। करीब दो वर्ष से विमान सेवा ठप होने से स्थानीय लोगों को लखनऊ-दिल्ली जाने के लिए ट्रेनों, बसों व निजी साधनों का ही सहारा है। अब जबकि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन होने से पीतल निर्यात को और पंख लगने की आस है तो भदासना हवाई अड्डे से भी विमान सेवा शुरू होने से इसमें काफी सहूलियत मिल जाएगी।

## निजी स्कूलों की मनमानी पर नहीं लग सकी लगाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **नए सत्र से पहले थमाई निजी प्रकाशकों की किताबों की सूची**

**अमृत विचार :** शहर में निजी स्कूलों की मनमानी एक बार फिर अभिभावकों के लिए परेशानी का सबब बनती नजर आ रही है। एक अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होने जा रही है, लेकिन उससे पहले ही स्कूलों ने अभिभावकों को निजी प्रकाशकों की महंगी किताबों की सूची थमा दी है। इससे अभिभावक आर्थिक दबाव में हैं और मजबूरी में महंगी किताबें खरीदने को विवश हैं।

वहीं दूसरी ओर, शहर की स्टेशनरी दुकानों पर एनसीईआरटी आधारित पुस्तकों की भारी कमी बनी हुई है। अभिभावक सस्ती और निर्धारित पाठ्यक्रम की किताबें तलाश रहे हैं, लेकिन उपलब्धता न होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन के निर्देशों के बावजूद निजी स्कूलों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं, जिससे अभिभावकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि एनसीईआरटी आधारित किताबों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए पहले ही संबंधित संस्थानों को पत्र भेजा जा चुका है। साथ ही, शहर के निजी स्कूलों से नए सत्र में लागू की जाने वाली पुस्तकों की सूची भी मांगी गई है। उन्होंने बताया कि कि सूची में यह उल्लेख होना जरूरी है कि कौन-कौन सी पुस्तकें एनसीईआरटी की होंगी और कौन सी निजी प्रकाशकों की। यदि किसी विद्यालय द्वारा सूची में किसी प्रकार की छेड़छाड़ या नियमों का उल्लंघन किया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आरक्षण, यूजीसी बिल, एससी-एसटी एक्ट का विरोध करेगा क्षत्रिय समाज

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के होली मिलन व जिला सम्मेलन में बोले वक्ता, बुजुर्गों, विभिन्न क्षेत्र में सफल महिलाओं और मेधावियों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा रामपुर द्वारा रविवार को साईं विहार स्थित ज्ञान सरोवर धर्मशाला में होली मिलन समारोह एवं जिला सम्मेलन आयोजित हुआ। महासभा के मुख्य वक्ता वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री ठाकुर राघवेंद्र सिंह राजू ने कहा कि समाज पूर्ण रूप से आरक्षण, यूजीसी, एससी-एसटी एक्ट का विरोध हर स्तर पर करेगा।

उन्होंने कहा कि क्षत्रियों ने सदैव देश हित में कार्य किया है और हर परिस्थिति में देश के लिए अपना तन, मन, धन सब कुछ न्योछावर किया है परंतु फिर भी ओछी मानसिकता और घटिया राजनीति वाले कुछ लोग समाज पर अनर्गल टिप्पणी करते है उन्होंने चेतावनी जारी की कोई भी समाज के धैर्य की परीक्षा न ले। उन्होंने कहा कि समाज पूर्ण रूप से आरक्षण, यूजीसी, एससी-एसटी एक्ट का विरोध हर स्तर पर करेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ कृष्णा मंदिर से शोभायात्रा से किया गया। जिसमें क्षत्रिय समाज के कई जिले, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए बंधु राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ कृष्णा मंदिर से वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू द्वारा केसरिया ध्वज लहराकर किया गया। शोभायात्रा कृष्णा मंदिर से राम चौक, शिवा जी पार्क, माया देवी धर्मशाला , महाराणा प्रताप लेन से होते हुए ज्ञान सरोवर तक पहुंची। शोभा यात्रा का विभिन्न स्थानों पर सर्व समाज के सम्मानित लोगों के द्वारा पुष्प-वर्षा की और जल वितरण कर स्वागत किया। कार्यक्रम समाज के रिटायर्ड बुजुर्गों, विभिन्न क्षेत्र में सफल महिलाओं और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह ने राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण किया गया। फर्स्ट इंप्रेशन स्कूल के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह व प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने अतिथियों को बैज लगाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा कई पदाधिकारियों की मेहनत को देखते हुए प्रोन्नत करते हुए प्रदेश और राष्ट्रीय पदाधिकारी बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शीशपाल सिंह ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री ठाकुर सुखबीर सिंह भदौरिया, राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर विजय वीर सिंह चौहान राष्ट्रीय संगठन मंत्री ठाकुर भुवनेश्वर सिंह, विधायक कुंवर महाराज सिंह, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी ठाकुर देवेंद्र सिंह , जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, जिला महामंत्री ठाकुर धर्मपाल सिंह, तोमर,नगर अध्यक्ष ठाकुर ओमवीर सिंह वैदिक, जयगोविंद सिंह, प्रेमपाल सिंह, एम .पी. सिंह, अजय राठौर, स्नेहलता राठौड़, लवली तोमर मौजूद रहे।



क्षत्रिय महासभा के अतिथियों का स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार



क्षत्रिय महासभा के कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### वृंदावन के कलाकारों के साथ खेली फूलों की होली

क्षत्रिय समाज के सभी लोगों ने वृंदावन के कलाकारों के साथ फूलों की होली खेली। राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर हरिवंश ने भव्य एवं सफल कार्यक्रम की रामपुर जिले की कार्यकारिणी की बधाई दी। युवा टीम से आह्वान किया कि देश, धर्म और समाज के लिए सदैव तत्पर रहे और कार्य करें। कार्यक्रम का मंच संचालन युवा जिलाध्यक्ष ठाकुर अतुल कुमार सिंह और युवा महामंत्री राकेश सिंह ने किया।

### कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

ठाकुर यतेंद्र सिंह,ठाकुर अजय सिंह ,ठाकुर अजय तोमर , ठाकुर मुकेश पाल सिंह, ठाकुर उमेश पाल सिंह, ठाकुर यतेंद्र सिंह, ठाकुर संजीव सिंह,ठाकुर अखिलेश सिंह,ऋषभ ठाकुर,ठाकुर मुकेश सिंह ,ठाकुर अजय सिंह ,ठाकुर राजीव सिंह,ठाकुर सचिन सिंह ,ठाकुर सुधीर सिंह,ठाकुर विपिन पाल सिंह ,ठाकुर सुनील राठौर, शीशपाल सिंह, सुरेश सिंह, रुद्रपाल सिंह, रंजीत सिंह, अमित भदौरिया, पुष्पेंद्र सिंह , अनिल सिंह, ओमपाल सिंह, रविन्द्र सिंह, उदय सिंह, अमन सिंह, अंजीत सिंह, प्रदीप चौहान, सर्वज्ञ चौहान, प्रशांत चौहान, ठाकुर सुनील सिंह,ठाकुर अमरपाल सिंह, कुलदीप सिंह, अनुज सिंह, शौर्य प्रताप सिंह, रघुराज सिंह , चिराग सिंह, हर्ष सिंह , अभय सिंह एवं जनपद और प्रदेश भर से आए क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट और तोड़फोड़ मामले में रिपोर्ट दर्ज

**मसवासी, अमृत विचार :** गांव मानपुर उत्तरी निवासी जलीश अहमद ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें बताया कि उसका एक मुकदमा मुरादाबाद न्यायालय में विचाराधीन है, जिसको लेकर कुछ लोगों से उसकी रंजिश चल रही है। आरोप है कि बीते 12 मार्च को अनवर हुसैन, मोहम्मद मोहसिन और एक अन्य व्यक्ति उसके घर में जबरन घुस आए। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए घर में तोड़फोड़ की। विरोध करने पर जलीस अहमद के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। न्यायालय के आदेश पर अब पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नाले में बच्चे के गिरने का वीडियो वायरल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका द्वारा सिनेमा रोड पर निर्माणाधीन नाले में एक बच्चे के गिरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शुक्रवार की दोपहर करीब पौने तीन बजे एक बच्चा नाले में गिर गया। गनीमत यह रही कि कुछ दुकानदारों व ग्राहकों ने तुरंत बचा लिया। कारोबारी मोईन अहमद व मनोज शर्मा आदि ने बताया कि नालों में खुली जगहों पर बच्चे, वाहन और सामान गिर रहे हैं। उन्होंने खुले नाले बंद कराने की मांग की। अधिशासी अधिकारी डॉ. नितिन कुमार गंगवार ने बताया कि नाले की नियमित सफाई के लिए स्लैब छोड़ी गई हैं।

### युवती को ले जाने के मामले में छह पर रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** युवती को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। क्षेत्र के एक निवासी व्यक्ति ने बताया कि 27 मार्च को गांव नेकपुर मिलक निवासी रचित अपने साथियों से उसकी बेटी को ले गया। उसने आरोप लगाया कि बेटी अपने साथ पचास हजार रुपये एवं डेढ़ लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर भी अपने साथ ले गई है। जब बेटी को वापस किए जाने की मांग की तो वह धमकियां देकर गाली-गलौज करने लगे। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि रचित निवासी गांव नेकपुर मिलक, धर्मपाल, भरत सिंह निवासी गांव रसूलपुर मुरादाबाद, विकास, रेहन्शु और विनीत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**टांडा, अमृत विचार :** अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मुरादाबाद में मौत, ईद के मौके पर दोस्त के साथ बाइक से आ रहा था युवक, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसके टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया था। नगर के मोहल्ला रांड निवासी युवक निजामुद्दीन 23 ईद के मौके पर दोस्तों के साथ घूमने गया हुआ था वापसी आते समय किसी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रविवार को उसने दम तोड़ दिया।

### फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मिलक, अमृत विचार :** कोतवाली मिलक पुलिस ने रविवार को गेरू उर्फ नीतेश निवासी मोहल्ला अस्दुल्लापुर को तमंचे से फायरिंग करने के मामले में गिरफ्तार किया है। पीड़ित देवराज मित्तल ने तमंचे से फायरिंग करने और जान से मारने की धमकी सहित अन्य मामलों में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें फरार आरोपी गेरू उर्फ नीतीश को मुखबिर की सूचना पर रोरा कट के पास से गिरफ्तार किया है।

# प्रशिक्षण शिविर में हज के तरीकों और तैयारियों की दी जानकारी



अंजुमन स्कूल में आयोजित शिविर में मौजूद आजमीने हज। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला दोमहला रोड स्थित अंजुमन स्कूल में रविवार को हज विभाग के तत्वावधान में हज 2026 के सिलसिले में प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। इसमें आजमीने हज को हज के तरीकों और सफर की तैयारियों के लिए प्रशिक्षण दिया गया। मौलाना असद उल हक ने हज की अहमियत, उसकी फर्ज और मकसद से रूबरू कराया। प्रशिक्षण शिविर का तिलावते कुरान मजीद से आगाज हुआ। इस मौके पर वसीम शम्सी ने घर से रवाना होने से लेकर मक्का और मदीना में ठहरने तक की पूरी तैयारी के बारे में जानकारी दी। जिला हज ट्रेनर मआरिज उल हक नदवी ने बताया ट्रेनिंग कैंप 5 अप्रैल को सुबह 9 बजे अंजुमन स्कूल में होगा। कन्वीनर बाबू उबैदुल हक शम्सी और अंजुमन के अध्यक्ष साजिदुल हक शम्सी, साकिब हसन, उमर अब्दुल हक, शाहिद शम्सी, हाजी इरकान शम्सी, महमूद खान आदि रहे।

# मुख्यमंत्री से की स्कूलों पर मनमानी पर रोक लगाने की मांग

**मिलक, अमृत विचार:** नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत के साथ ही निजी विद्यालयों की मनमानी के खिलाफ अभिभावकों में रोष है। महंगी किताबों, निर्धारित दुकानों और कमीशन के खेल से परेशान अभिभावकों ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है।

उद्यमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता संजीव कुमार गंगवार ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। उनका का कहना है कि इन किताबों की कीमत कई गुना अधिक होती है, जिससे शिक्षा का खर्च अचानक बढ़ जाता है। एक दुकान तय, मनमानी कीमत तय सबसे गंभीर आरोप यह है कि स्कूल किताबों की खरीद के लिए एक तय दुकान या विक्रेता निर्धारित कर देते हैं। बाजार में ये किताबें कहीं और उपलब्ध नहीं होतीं, जिससे प्रतिस्पर्धा खत्म हो जाती है और अभिभावकों को मजबूरी में ऊंचे दाम चुकाने पड़ते हैं।

# दुष्कर्म का वीडियो बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता टांडा

- पीड़िता से ब्लैकमेल कर ठगे थे 1.65 लाख रुपये

**अमृत विचार:** पुलिस ने एक महिला को डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और लाखों रुपये ऐंठने के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। महिला का आरोप है कि घर में घुसकर जबरदस्ती बनाया था शारीरिक संबंध, 1.65 लाख ठगने के बाद दे रहा था, वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था।

नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि मोहल्ले के ही एक युवक का उसके देवर के जरिये घर पर आना जाना हो गया था, इसी दौरान उसने महिला का मोबाइल नंबर भी ले लिया जिसपर वह महिला से बातें करने लगा। महिला का आरोप है कि एक दिन उसके पति की गैर मौजूदगी में वह घर में घुस आया और महिला के साथ शारीरिक संबंध बना लिए। इसी दौरान युवक ने कुछ अश्लील तस्वीरें भी खींच ली जिसको लेकर वह महिला को ब्लेकमेल कर पैसे मांगने लगा। महिला ने बताया आरोपी ने 1.68 लाख रुपये दे दिए। रुपये देने के बाद भी आरोपी ने वीडियो डिलीट नहीं किया और दो लाख रुपये की मांग करने लगा। परेशान होकर पीड़िता अपने पति को जानकारी दी, तब पति ने घर से निकाल दिया। महिला ने आरोपी के पिता व भाई को इस बात से अवगत कराया जिस पर आरोपी के परिवार वालों ने महिला को गालियां व बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। महिला ने पुलिस से तीन बच्चों का हवाला देते हुए कहा कि वह अब आत्महत्या करने पर मजबूर है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों शुएब, शाहज़ेब, वजी पर मामला दर्ज कर लिया था। रविवार को कोतवाली पुलिस ने मुख्य आरोपी शोएब को जामा मस्जिद के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### मकान मालिक ने किया छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास किया, शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज

- कमरे में घुसकर की जबरदस्ती शोर मचाने पर भागा आरोपी

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने किराए के कमरे में रहने के दौरान युवक पर दुष्कर्म के प्रयास और लगातार उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के मुताबिक वह करीब दो साल से एसएससी की तैयारी के लिए संभल जिले के चंदौसी क्षेत्र में किराए के मकान में रह रही थी। इसी दौरान मकान मालिक ने उस पर गलत नजर रखनी शुरू कर दी। वह कमरे में अकेली थी तभी आरोपी जबरन कमरे में घुस आया और दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता ने शोर मचाया, लेकिन आसपास कोई न होने के कारण कोई भी मदद के लिए नहीं पहुंचा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे धमकाया कि यदि उसने किसी को बताया तो वह उसे और उसके भाई को जान से मार देगा। पीड़िता का कहना है कि लोकलाज के भय से उसने काफी समय तक यह बात सबसे छुपाए रखी, लेकिन परेशान होकर उसने इस घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। इसके बाद भी आरोपी पीड़िता का पीछा नहीं छोड़ रहा था, उसको फोन पर धमकी दे रहा था। परेशान होकर युवती अपने गांव लौट आई, लेकिन आरोपी ने वहां भी पीछा नहीं छोड़ा। मामले में पुलिस आरोपी मकान मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मिशन 2027 : टिकट की दावेदारी को लेकर शुरू हुई जोर आजमाईश

वाहिद अली, रामपुर



आकाश सक्सेना।



शफीक अंसारी।



राजबाला सिंह।



बलदेव सिंह औलख।



नसीर अहमद खान।

- राजनीतिक लोगों का मूवमेंट बढ़ा, टिकट पाने को दल बदलने को भी तैयारी

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। अगले साल की शुरुआत में ही विधानसभा चुनाव होने हैं, इसमें एक साल से भी कम समय बचा है। रामपुर में विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल शुरू हो चुकी है, सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी हो या विपक्ष की सबसे बड़ी समाजवादी पार्टी हो, सभी ने जनता का मन टटोलना शुरू कर दिया है। इसके अलावा कांग्रेस, बसपा और चंद्रशेखर आजाद की पार्टी आजाद समाज पार्टी ने भी चुनाव मैदान में उतरने को बेताब है।

रामपुर की पांच विधानसभा सीटों की बात करें तो यहां टिकट के जोड़तोड़ और अपनी दावेदारी मजबूत करने की उठापटकर अभी से शुरू कर दिया है। जिले में तीन सीट शहर, बिलासपुर और शाहबाद-मिलक सीट भाजपा के पास है और एक स्वार-टांडा भाजपा की सहयोगी पार्टी अपना दल एस के पास है। जबकि चमरौआ सीट सपा के पास है। रामपुर जिला ऐतिहासिक और राजनीतिक लिहाज से देश और प्रदेश में अपनी एक पहचान रखता है। देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद पहला चुनाव रामपुर लोकसभा सीट से ही चुनाव लड़े और जीतकर संसद पहुंचे थे। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास और फिल्मी कलाकार जया प्रदा भी रामपुर सीट से चुनाव जीतकर संसद में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी हैं। वहीं समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य आजम खां जो रामपुर की राजनीति से खुद को देश और प्रदेश की राजनीति में बड़े नेता के रूप में जाने जाते हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश के 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर रामपुर में तैयारियां शुरू हो चुकीं हैं। शहर विधानसभा सीट से लेकर देहात की शाहबाद-मिलक, बिलासपुर, चमरौआ, स्वार- टांडा विधानसभा की सभी पांचों सीटों पर नेता टिकट की जुगत में लगने की तैयारी कर रहे हैं। शहर सीट और स्वार-टांडा सीटों पर उपचुनाव में परिणाम बदले थे, लेकिन आम चुनाव में यहां परिणाम क्या होंगे ये देखने की बात होगी। इनमें बिलासपुर और शाहबाद-मिलक विधानसभा सीट ऐसी हैं जहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या अन्य तीनों सीटों के मुकाबले कम है। जबकि शहर सीट, चमरौआ सीट और स्वार-टांडा सीट पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं।

**जेल जाने के बाद बदलेंगे समीकरण:** आजम खां और बेटे अब्दुल्ला आजम के जेल जाने के बाद समीकरण बदले बदले नजर आ रहे हैं। जबकि सजा होने के बाद चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। लेकिन 2027 विधानसभा आम चुनाव में भाजपा की राह आसान नहीं होगी, मुस्लिम मतदाताओं पर सभी पार्टियों की नजरें रहेंगी। इस सीट पर सपा और आम आदमी पार्टी के कई नेता टिकट की दावेदार होंगे।

बिलासपुर सीट से राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख की दावेदारी मजबूत होगी। तो वहीं सपा और कांग्रेस की कई नेता टिकट पाने की जुगत में हैं। शाहबाद-मिलक सीट से भाजपा विधायक राजबाला सिंह का टिकट काटना आसान नहीं होगा, ऐसे में सीट पर सपा के टिकट के लिए कई दावेदार होंगे। चमरौआ सीट से सपा के नसीर खान विधायक हैं। सपा के टिकट पर करीब 80 वर्षीय नसीर अहमद खान की दावेदारी कितनी मजबूत होगी ये देखने की बात होगी। हालांकि इस सीट से कई नेता टिकट की जुगत में लगे हैं।

### इस तरह खाली हुई थी शहर और स्वार सीट

2022 आम चुनाव में शहर सीट से आजम खां विधायक चुने गए थे, जबकि स्वार-टांडा सीट से आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम विधायक चुने गए थे। लेकिन कुछ दिनों बाद ही अब्दुल्ला के दो जन्म प्रमाण पत्र के मामले में दोनों को सजा हो गई। इसके बाद दोनों सीटें खाली हो गईं। आम चुनाव में आजम खां ने आकाश सक्सेना को 55141 मतों से हराया था। लेकिन सीट खाली होने पर 2022 के अंत में हुए उपचुनाव आकाश सक्सेना ने आसिम राजा को 34,136 वोटों से हराया था, उन्हें 81,432 वो मिले थे। जबकि प्रतिद्वंदी आसिम राजा को 47,296 वोट मिले थे। वहीं स्वार-टांडा सीट से उपचुनाव में शफीक अंसारी चुनाव जीत गए।

### रामपुर जिले में पांच विधानसभा

| सीट | विधायक |
| --- | --- |
| 1- रामपुर शहर विधानसभा सीट | भाजपा के आकाश सक्सेना |
| 2- बिलासपुर विधानसभा सीट | भाजपा के बलदेव सिंह औलख |
| 3- शाहबाद-मिलक विधानसभा सीट | भाजपा की राजबाला सिंह |
| 4- चमरौआ विधानसभा सीट | सपा के नसीर अहमद खान |
| 5- स्वार-टांडा विधानसभा सीट | अपना दल एस शफीक अंसारी |

## खेल

बरेली की टीम के खिलाड़ियों ने पहले हाफ में किए 3 गोल, महात्मा गांधी स्टेडियम पर हो रही प्रदेश स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

# संघर्षपूर्ण मुकाबले में मुरादाबाद ने जीता फुटबॉल मैच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



महात्मा गांधी स्टेडियम में भिड़तीं मुरादाबाद और बरेली की टीमें। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में खेले गए बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर क्लब एवं क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट का पहला मैच बरेली और मुरादाबाद की टीमों के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में मुरादाबाद की टीम ने 5-3 गोल से बरेली की टीम को शिकस्त देकर मुकाबला जीत लिया।

स्टेडियम पर रविवार की शाम प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि भारत भूषण गुप्ता, विशिष्ट अतिथि मामून शाह खां, देवेंद्र चौधरी, भीम अनार्य एवं बलराम सिंह ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं युवा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रदेश स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का पहला मैच मैच बरेली और मुरादाबाद की टीमों के बीच खेला गया। मुरादाबाद की टीम ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में 5-3 गोल से मैच जीत लिया। जिसमें मुरादाबाद की टीम में खेल रहे तंजानिया के खिलाड़ी किस्से ने शानदार प्रदर्शन कर 3 गोल किए। आकाश ने 1 और दूसरे खिलाड़ी ने 1 गोल किया। जबकि, पहले हाफ में बरेली की टीम के खिलाड़ी हर्षित ने 1, अरुण ने 1 और शान ने 1 गोल कर टीम को बढ़त दिला थी, लेकिन दूसरे हाफ में मुरादाबाद की टीम के खिलाड़ियों ने बरेली की टीम के खिलाड़ियों के कई हमलों को नाकाम करते हुए 5-3 से मैच जीत लिया। निर्णायक अजीत कुमार, लाइनमैन शुभम और आदित्य रहे। इससे पहले मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का अंबेडकर क्लब द्वारा बुके देकर एवं पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती विभाग संयोजक तुषार शर्मा, मनोज कुमार, कुमार एकलव्य, अभिषेक, विकास कुमार, महेश कुमार, नीरज चौहान, राजेंद्र कुमार, आकाश बाबू, अमित चौहान, नितिन कन्नौज, आदित्य, शुभम, प्रदीप बाबू, डॉ. अनूप कुमार सिंह, विजेंद्र कुमार सहित फूटबाल प्रेमी उपस्थित रहे।

### भारत में खेलों का अच्छा भविष्य : किस्से



तंजानिया के फुटबॉल खिलाड़ी किस्से।

मुरादाबाद की टीम से खेल रहे तंजानिया के खिलाड़ी किस्से ने ताबड़तोड़ 3 गोल करके टीम को जीत दिला दी। तंजानिया के खिलाड़ी भारत में वर्ष 2020 से ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय देहरादून में बीटेक की पढ़ाई कर रहे हैं। वह बताते हैं कि उन्हें फुटबॉल पसंद है क्योंकि, विश्व में सर्वाधिक लोग फुटबॉल को पसंद करते हैं और फुटबॉल ताकत का खेल है। टूटी-फूटी हिंदी और अंग्रेजी के मिश्रण के बीच बताते हैं कि भारत में खेलों का अच्छा भविष्य हैं। यहां के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलों को बहुत प्रमोट कर रहे हैं। कहा कि आने वाले समय में इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने बताया कि उन्हें मुरादाबाद की टीम की ओर से खेलने के लिए न्योता मिला था। न्योते को स्वीकार करते हुए उन्होंने मुरादाबाद की टीम ओर से मैच खेला।

# एचटी लाइन के शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल जलकर राख

**टांडा, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के ग्राम सिकंदराबाद में 11 हजार की हाईवोल्टेज लाइन में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण एक किसान की लगभग डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित ने विभाग से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

राष्ट्रीय हिंदू एकता संघ भारत के नगर अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने अधिशाषी अभियंता को पत्र देकर बताया कि उसका ग्राम सिकंदराबाद में खेत स्थित है। बीती शुक्रवार की दोपहर लगभग 1:15 बजे खेत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन में अचानक जोरदार शॉर्ट सर्किट हुआ। चिंगारियां सीधे सूखी गेहूं की फसल पर गिरीं, जिससे देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक करीब डेढ़ बीघा में खड़ी पकी हुई गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह खाक हो गई।

# बाबा साहब के जन्मोत्सव पर निकलेगी संदेश यात्रा



वाल्मीकि बस्ती में हुई बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचार:** शहर में तोपखाना स्थित वाल्मीकि बस्ती में भारतीय अंबेडकर सभा की रविवार को बैठक हुई। मुख्य संरक्षक दिनेश मानव ने कहा कि 14 अप्रैल को भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर के जन्मोत्सव पर अंबेडकर संदेश यात्रा वाल्मीकि बस्ती से प्रातः 9 बजे निकाली जाएगी। संदेश यात्रा बापू मॉल, मछली बाजार, फराशखाना, हामिद गेट, सर्राफा बाजार, चाकू मार्केट, बाजार नसरूलला खां, कोतवाली गेट, नगर पालिका, शाहबाद गेट होते हुए हाईवे स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचेगी। शुभारंभ मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना करेंगे। बैठक में अविनाश तपन, विल्सन बाबू, महिपाल वाल्मीकि, धर्म कुमार वाल्मीकि, रंजीत कठेरिया, सुरेंद्र खत्री, ओमप्रकाश वाल्मीकि, अभय कठेरिया, दीपक राही, आदेश कुमार पिंटू, महेश प्रजापति, ओमकार सेठ आदि मौजूद रहे।

# सिंथेटिक ट्रैक पर फर्राटा भरेंगे मंडल के एथलीट

## 15 करोड़ रुपये की लागत से छह माह में तैयार होगा ट्रैक, शहीद-ए-आजम स्पोर्ट स्टेडियम में बनेगा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी में जल्द सिंथेटिक ट्रैक बनने जा रहा है, इसके बाद रामपुर सहित मंडल के एथलीट फर्राटा भरेंगे। 15 करोड़ की लागत से सिंथेटिक ट्रैक छह माह में बनकर तैयार होगा। इसके लिए खेल निदेशालय ने स्वीकृति दे दी है। सिंथेटिक ट्रैक पर खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय एथलेटिक्स सुविधाएं मिलेंगी।

मैदान में 400 मीटर के सिंथेटिक ट्रैक के साथ ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, हैमर थ्रो के प्रशिक्षण के लिए केज मंडल का पहला सिंथेटिक स्टेडियम रामपुर में बनकर तैयार होगा। जिसके चलते मंडल भर के जिलों के खिलाड़ी विश्वस्तरीय एथलेटिक्स सुविधाओं से परिपूर्ण स्टेडियम पर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। खिलाड़ियों के अलग-अलग खेलों के लिए कोच तैनात किए जाएंगे। इससे खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर खेलने में बहुत राहत मिलेगी। सिंथेटिक स्टेडियम पर विश्व स्तरीय मानक के अनुरूप 400 मीटर का ट्रैक तैयार होगा। इसके अलावा लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, हैमर थ्रो में भी खिलाड़ी विश्व स्तर की प्रेक्टिस करेंगे।

जिससे उनका राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आसानी से चयन हो जाएगा। अभी तक खिलाड़ियों को सिंथेटिक ट्रैक के लिए दिल्ली का रुख करना होता था, क्योंकि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों को सिंथेटिक ट्रैक पर ही दौड़ना होता है। ऐसे में रामपुर में यह सुविधा मिलने के बाद खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।



शहीदे आजम स्पोर्ट्स बमनपुरी में यहां बनेगा सिंथेटिक ट्रैक। ● अमृत विचार



कुछ ऐसा दिखेगा सिंथेटिक ट्रैक। ● अमृत विचार

- खिलाड़ियों को मिलेगी विश्व स्तरीय एथलेटिक्स सुविधा
- अलग-अलग खेलों के लिए तैनात किए जाएंगे कोच

### मेरठ में है खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक ट्रैक

मेरठ में खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक ट्रैक है जोकि पिछले वर्ष बनकर तैयार हुआ है। मुरादाबाद मंडल के अमरोहा, संभल, बिजनौर जिलों में सिंथेटिक ट्रैक का अभाव है जिसके कारण खिलाड़ी परम्परागत मैदानों पर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक, चक्का फेंक और गोला फेंक की प्रेक्टिस करते हैं। रामपुर में सिंथेटिक ट्रैक बनने से मंडल के खिलाड़ियों को भी विश्व स्तरीय स्टेडियम पर प्रैक्टिस करने का मौका मिलेगा।

"रामपुर में सिंथेटिक ट्रैक बनाए जाने के लिए खेल निदेशालय से 15 करोड़ के बजट को स्वीकृति मिल गई है। अगले छह माह में शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक बनकर तैयार हो जाएगा। इससे मंडल भर के खिलाड़ियों को बहुत लाभ मिलेगा।

– **संतोष कुमार**, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी

# डायट में एलुमनी मीट में पूर्व प्रशिक्षुओं ने साझा किए अनुभव

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में रविवार को पुरातन प्रशिक्षु सम्मेलन 'एलुमनी मीट' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अशोक कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

प्राथमिक विद्यालय पंजाब नगर के बच्चों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। नोडल प्रवक्ता श्याम रस्तोगी ने बताया कि निदेशक एससीईआरटी के निर्देश पर हुए कार्यक्रम में अनुभवों को साझा कर प्रशिक्षुओं को प्रेरित किया गया। प्राचार्य ने विचार व्यक्त किए। प्रवक्ता पुष्पा देवी ने निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करने का संदेश दिया, जबकि जफर अतीक ने भी शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अनीसा लतीफ, रीता, पारुल सक्सेना, विवेचना सागर, ज्योति गंगवार, शारिक हुसैन, शुभम रावत, मनोज तिवारी, शुभम चित्रांशी, उमेश गौतम, कृतिका राजपूत, अर्चना मौर्य, पलक सागर, वैशाली कौशिक, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन अनन्या शर्मा व आंचल चौहान ने किया। अंत में सभी पूर्व प्रशिक्षुओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रवक्ता प्रेमचंद, अमीर जहां, उजमा खानम आदि लोग उपस्थित रहे।



डायट में एलुमनी मीट में सम्मान पाने वाले पूर्व प्रशिक्षु। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

**रामपुर, अमृत विचार :** दवा कारोबारी ओम प्रकाश आहूजा के निधन पर रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव नूर मोहम्मद ने कहा कि ओमप्रकाश आहूजा का जीवन संघर्ष, सिद्धांत और समर्पण का उदाहरण रहा है। आहूजा एसोसिएट्स के माध्यम से उन्होंने न केवल व्यवसाय को विस्तार दिया। रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन में अध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन को नई दिशा दी और सशक्त बनाया।



ओम प्रकाश आहूजा।

### 12 वाहनों पर 1.81 लाख रुपये का जुर्माना

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन के लिए चेकिंग अभियान जारी है। एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने चेकिंग के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान ऐसे 12 वाहन पाए गए, जिनमें मानक के विपरीत नंबर प्लेट लगी थी। जबकि वाहन कर बकाया था। इन सभी वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जबकि वाहन स्वामियों पर 1,81 लाख का जुर्माना लगाया गया।

### मारपीट मामले में 6 पर रिपोर्ट दर्ज

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में शनिवार शाम महिला के साथ मारपीट की गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन महिलाओं समेत 6 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। खेड़ा टांडा गांव निवासी एक महिला अपने घर पर अकेली थी। आरोप है पड़ोस का ही एक युवक महिला के घर में आ गया और गाली गलौज करने लगा। महिला के विरोध करने पर युवक ने अपने परिजनों को भी बुला लिया और मारपीट करने लगे। महिला की तहरीर पर पुलिस ने खेड़ा टांडा गांव निवासी नाजिम, कामिल, फरमान, नाजिया, इशरत जहां और मुन्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# संदल शरीफ और गुस्ल के बाद उर्स का समापन



उर्स के समापन पर मौजूद सूफी जावेद हुसैन शाह व अकीदतमंद।

**मिलक, अमृत विचार:** संदल शरीफ और गुस्ल के बाद हजरत ख्वाजा सूफी अब्दुल अजीज मियां का उर्स का रविवार को समापन हो गया। तहसील क्षेत्र के मुर्शीद नगर भैसोड़ी शरीफ स्थित दरगाह सूफी अब्दुल अजीज मियां का सालाना उर्स में आखिरी दिन सुबह 11 बजे संदल शरीफ का जुलूस खानकाहे हसनी अजीजी, लियाकती के सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा सूफी जावेद हुसैन शाह की सर परस्ती मे उनके आस्ताने से शुरू हुआ। जो ग्राम के विभिन्न मार्गों पर होता हुआ दरगाह शरीफ पर आकर खत्म हुआ। संदल शरीफ के बाद गुस्ल हुआ बाद नमाज-ए- ईशा महफिल-ए-रंगो शमा हुआ।

# भाविप के अध्यक्ष सपन व सुनील सचिव चुने गए

**बिलासपुर, अमृत विचार:** भारत विकास परिषद के वार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से सपन अग्रवाल को अध्यक्ष, जबकि सुनील कुमार जैन को सचिव चुना गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। शनिवार की रात एक होटल में भारत विकास परिषद के सदस्य एकत्र हुए। जिसमें कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने विगत वर्ष का आय-व्यय का ब्यौरा रखा। बैठक में सपन अग्रवाल को अध्यक्ष, नितिन गर्ग को कोषाध्यक्ष और सुनील कुमार जैन को सचिव चुना गया। इस मौके पर राजीव गोयल, सचिन अग्रवाल, रुपेश अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, दीपक गुप्ता, नीरव अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, अतिन अग्रवाल, संचित अग्रवाल, दीपांशु अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, दीपक, अमित गुप्ता, अंकित अग्रवाल, मनीष चौहान आदि मौजूद रहे।

# बच्चों के साथ अपनी संस्कृति को साझा करें

- आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में उत्सव पैलेस में हुआ कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार के दिन उत्सव पैलेस प्रमुख जन गोष्ठी कार्यक्रम हुआ। जिसमें जिले भर से लगभग 1450 लोग सम्मिलित हुए। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सम्पर्क प्रमुख डॉ. हरीश रौतेला ने कहा कि बच्चों के साथ अपनी संस्कृति और पूर्वजों के काम साझा करें।

समाज जीवन के प्रत्येक सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं क्षेत्रीय संगठनों और अपने-अपने कार्य क्षेत्र के प्रमुखों ने इस गोष्ठी में भाग लिया और लगभग 4 घंटे चली। डॉ. हरीश रौतेला व डॉक्टर हरीश ने जहां संघ स्थापना की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। वहीं संघ द्वारा विगत 100 वर्षों में किए प्रमुख सेवा कार्य बताए। उन्होंने कहा कि संघ के निर्माता आद्य सरसंघचालक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जो स्वयं एक अत्यन्त साधारण और मध्यमवर्गीय परिवार में 1889 में जन्मे और 1915 में डॉक्टर बने परंतु अपना व्यक्तिगत कोई काम नहीं किया और देश समाज की चिंता करते हुए समसामयिक संगठनों में प्रत्यक्ष भाग लिया। स्वयं कांग्रेस में रह कर और स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेते हुए जब उनको लगा कि हिंदुओं के संगठन के बिना हम अपनी स्वतंत्रता को स्थायी नहीं रख पाएंगे। 1925 से और अभी तक संघ ने भारत के उत्तरदायी हिन्दू समाज को संगठित किया और संघ द्वारा 1 लाख से अधिक सेवा कार्य चलाये जा रहे हैं। समाज में आ रही विकृतियों की ओर ध्यान दिलाते हुए उन्होंने माताओं से विशेष आग्रह किया कि अपने घर में बच्चों को अपनी संस्कृति और अपने पूर्वजों द्वारा किए गए काम की चर्चा करें ताकि हमारे बच्चे संस्कारित हों और वे भटके नहीं। हिंदू चिंतन और दृष्टि की ओर ध्यान दिलाते हुए उन्होने विश्व व्यापार जगत में भारत के गौरवशाली योगदान को याद किया। आज हम विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीए अजय अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में जिला संघचालक केशव गुप्ता, नगर संघचालक भीम सिंह चौहान, विभाग प्रचारक बृजमोहन, जिला प्रचारक प्रमोद कुमार, उपेन्द्र मिश्रा प्रांत सह संयोजक बजरंग दल एवं संघ के अनेक अधिकारियों और अनेक प्रतिष्ठित लोगों ने प्रतिभाग लिया। संचालन रवि शर्मा, जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख ने किया।



जन गोष्ठी में बोलते वक्ता।



आरएसएस की प्रमुख जन गोष्ठी में मौजूद स्वयंसेवक व स्वयंसेविका। ● अमृत विचार

# छात्रा को साइकिल देकर शिक्षकों ने किया सम्मानित



प्राथमिक विद्यालय चिंतामन की छात्रा पल्लवी को साइकिल देती बीईओ और शिक्षक।

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्राथमिक विद्यालय चिंतामन की छात्रा पल्लवी को एआरपी सचिन कुमार पांडेय ने पुरस्कार के रूप में साइकिल भेंट की है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक रमेश सिंह और पिता की उपस्थिति में पल्लवी को साइकिल की चाबी सौंपी तो उसका चेहरा खिल उठा। मिलक के शिक्षकों द्वारा 23 साइकिल मेधावी छात्रों को बांटी जा चुकी हैं। बीईओ बबिता सिंह ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान प्रभाकर गौतम, अंकुर शुक्ला, नमन गुप्ता प्रशस्त, योगेंद्र एवं कार्यालय सहायक शुभम, सुखदेव, विनय, जफर मौजूद रहे।

# सर्वांगीण विकास के लिए नैतिक मूल्यों का होना जरूरी

**रामपुर, अमृत विचार:** सेंट पॉल्स स्कूल में रविवार को सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। डीएमए की प्रधानाचार्य डॉ. सुमन तोमर ने कहा कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए उनमें नैतिक मूल्यों का होना अति आवश्यक है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गान एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। प्रधानाचार्य मनोज पाठक ने आए हुए रिसोर्स पर्सन्स का परिचय समस्त प्रतिभागी शिक्षकों से कराया। डीएमए की प्रधानाचार्य, द्वितीय रिसोर्स पर्सन डॉ. अभिषेक मित्तल अध्यापिका उजमा खान ने विचार रखे। वक्ताओं को उप प्रधानाचार्य सुधीर सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अर्जुमंद बानो ने सभी का आभार जताया।

# छात्र-छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण कर ली जानकारी



शैक्षिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भारत सरकार की पीएमश्री योजना के तहत पीएमश्री यूपीएस सींगनखेड़ा कंपोजिट विद्यालय के छात्रों का शैक्षिक भ्रमण किया। शनिवार को विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरिराम दिवाकर के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं को मुरादाबाद स्थित संविधान साहित्य वाटिका, बुद्धि विहार का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने संविधान, मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान शिक्षिका बबीता चौधरी, आलिया बी, समना जुबैर, जितेंद्र वीर विक्रम, गौरव गुप्ता, कमला कुमारी, प्रतिभा, नीरज एवं नीता रानी आदि रहीं।

## न्यूज डायरी

### महाराजा निषादराज और महर्षि कश्यप समाज के प्रेरणास्त्रोत

**रामपुर, अमृत विचार :** सराय गेट माता संतोषी के मन्दिर प्रांगण में रविवार को बाबा रामस्वरूप तुरैहा जी की समाधि पर तुरैहा मछुआ समाज की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने बताया कि महाराजा निषादराज जयंती एवं महर्षि कश्यप जयंती समारोह 5 अप्रैल को बिलासपुर में मनाया जाएगा। जिसको सभी ने सर्वसम्मति प्रदान की व सभी को भारी संख्या में उपस्थित रहने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि तुरैहा मछुआ समाज की स्वजातीय साथियों से विचार-विमर्श करने के बाद कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। जिला महामंत्री राम सिंह तुरैहा एडवोकेट ने विचार व्यक्त किए। बैठक में अजय कुमार प्रधान, विनोद कुमार सभासद धर्म सिंह, राजेश कुमार तुरैहा, डॉ. कृपाल सिंह तुरैहा, बाल किशोर, रामकिशोर, कमल कुमार मुन्ना, हरिशंकर, विक्रम सिंह तुरैहा, मुरारी लाल तुरैहा, ब्रजपाल, अरविंद कुमार, अर्जुन कुमार, कालू राम, दिनेश कुमार, अर्जुन सिंह, ऋषिपाल, पवन कश्यप आदि मौजूद रहे।





### पीलाखार नदी पर पुल निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

**रामपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के मिलक तहसील अंतर्गत ग्राम अदलपुर में उप्र कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने पीलाखार नदी पर प्रस्तावित सेतु का विधिवत भूमि पूजन किया। पुल का निर्माण 21 करोड़ 16 लाख 91 हजार रुपये से होगा। इसकी लंबाई 181 मीटर होगी। राज्यमंत्री औलख ने बताया कि सेतु निर्माण से क्षेत्र के करीब 25 से 30 गांवों के लोगों को राहत मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि विधान के साथ किया गया। राज्यमंत्री ने अधिकारियों को सेतु निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### अखंड ज्योति लेकर पूर्णागिरि पदयात्रा पर रवाना हुए श्रद्धालु

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शनिवार की रात मोहल्ला डाम कॉलोनी स्थित दुर्गा भवानी पंचायती मंदिर से पूर्णागिरी पदयात्रा रवाना हुई। मंदिर के 104वें चैत्र नवरात्र महोत्सव पर परंपरानुसार ज्वाला देवी से अखंड ज्योति लाई गई थी। नवरात्र में यह ज्योति मंदिर में स्थापित रही। नवरात्र सम्पन्न होने के बाद इस ज्योति को उत्तराखंड के माता पूर्णागिरी धाम के लिए विदा किया गया, जिसके लिए यह पदयात्रा निकाली गई। मंदिर के महंत रविराज स्वरूप भटनागर के नेतृत्व में साठ पदयात्री इस ज्योति को लेकर रवाना हुए। पदयात्रियों में राजाराम कश्यप, वीर कश्यप, अर्पित कश्यप, पीयूष कश्यप, भागवती, रंभा देवी, अनीता सरकार, शिवम राय, घनश्याम, लक्ष्मी राय, अनीता जाटव, वासु, तरुण, कृष्णा, लक्ष्मी जाटव, संध्या जाटव, प्रेम वेद, पंकज कश्यप आदि शामिल रहे।



### छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर बांधा समां

**रामपुर, अमृत विचार :** मॉडल प्राइमरी स्कूल पट्टी कल्याणपुर व अब्बास नगर ब्लॉक चमरौआ में वार्षिकोत्सव एवं कक्षा 5 के विद्यार्थियों के विदाई समारोह हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी चमरौआ मदन लाल वर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुई। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेश विश्वकर्मा, शिक्षक सुमित गंगवार, शिव कुमार, प्रिया सैनी, सुरभि वर्मा, राजपाल, सविता, नीलम, एकता, अनीसा लतीफ, अफाक हुसैन, पंकज, वसीम, एकता, चमन गौतम, विनीत, शुएब एवं आदि मौजूद रहे।



**निजात** | जान जोखिम में डालकर रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहे लोग, खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने लिया संज्ञान

# अंडरपास की साफ-सफाई शुरू, लोगों को मिलेगी राहत

अमृत विचार IMPACT

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राम-रहीम पुल बंद होने से लोग हाईवे के निकट कीचड़ भरे अंडर पास से गुजर रहे थे। इससे लोगों को दिक्कत हो रही थी। लोगों की समस्या को देखते हुए अमृत विचार ने 29 मार्च के अंक में खबर को प्रकाशित किया था। इसके बाद रविवार को अंडरपास की सफाई कराई गई।

राम-रहीम पुल 20 मई तक के लिए मरम्मत के चलते बंद कर दिया गया है। पुल बंद होने से लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी हो रही है। प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था नहीं कराई है लेकिन, परेशानी आने पर लोगों ने वैकल्पिक मार्ग स्वयं तलाश लिए हैं। लोग हाईवे के निकट अंडरपास से गुजर रहे थे। यहां कीचड़ युक्त रास्ता होने परेशानी हो रही थी। रविवार को अंडरपास की सफाई करा दी गई। वहीं दूसरी ओर पनवड़िया रेलवे क्रॉसिंग बंद होने पर जाम लग गया और लोग पटरियों को पार करते हुए अपनी बाइक को फाटक नीचे से लेकर गुजरते रहे।



रविवार को अंडरपास की सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### आगापुर-सीआरपीएफ कॉलोनी से भी हो रहा गुजर

ज्वालानगर से सिविल लाइंस आने जाने के लिए लोग आगापुर-सीआरपीएफ कॉलोनी की बदहाल राह पकड़ रहे हैं। लेकिन, सीआरपीएफ कैंपस से बाहर निकलने के बाद सीआरपीएफ गेट नंबर 1 पर रेलवे क्रॉसिंग बंद होने पर लोग जान जोखिम में डालकर फाटक के नीचे से निकलकर पटरियां पार करते हुए हाईवे पर पहुंच जाते हैं।



राम-रहीम पुल बंद होने के बाद लोगों को कीचड़ भरे अंडरपास से गुजरना पड़ रहा था। लेकिन, अमृत विचार में खबर छपने के बाद अंडरपास साफ करा दिया गया है।

– **सत्यपाल सिंह**



हाईवे के निकट अंडरपास की सफाई होने से काफी फायदा मिलेगा। लोगों को करीब 10 किमी फेर काटकर जाना पड़ रहा है अब उनका सफर कुछ कम दूरी का हो जाएगा। – **वसीम अली**



पुल करने से पहले लोगों की आवाजाही के लिए इंतजाम कराया जाना था। पुल बंद होने से लोगों को सिविल लाइंस आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

– **नासिर**



अंडरपास में बहुत कीचड़ थी आज अंडरपास की सफाई होने से लोगों को आने-जाने में काफी राहत मिली है। अमृत विचार में खबर छपने के बाद अंडरपास की सफाई हो गई है। – **सोनू**

